श्रमिक दिवस

दिनांक 6 मई, 2016 को विद्यालयीय सभागार में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में, जोकि प्रत्येक वर्ष 1मई को मनाया जाता है, कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रमिकों को सादर धन्यवाद प्रेषित किया एवं उनकी समस्त सेवाओं के लिए साधुवाद दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विद्यालय में कार्यरत सभी वर्ग के कर्मचारियों को शुभकामना पत्र देकर उनकी प्रदत्त सेवाओं के लिए कृतज्ञता का ज्ञापन किया एवं आभार प्रकट किया। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्रमिक दिवस का इतिहास बताते हुए विद्यार्थियों ने कविता– पाठ के अतिरिक्त उस पर पी०पी०टी० भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठ की छात्रा मधुमिता ने किया जबकि पी०पी०टी० आकृति नांगिया द्वारा निर्मित की गई। समारोह के अंत में डॉ0 अभिनव शुक्ल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इसके अतिरिक्त इस समारोह में अनेक विद्यार्थियों ने बढ़– चढ़कर भाग लिया तथा इस आयोजन को सफल बनाया। मैं समस्त अध्यापक वृन्द का हृदय से आभार व्यक्त करता हॅू जो, इस आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े रहे। निःसंदेह प्रशासकीय सहायता के बिना यह आयोजन असंभव था, इस अवसर पर उन्हें भी सादर नमन एवं वंदन। श्रीमती सविता डागर के अथक प्रयास एवं सभी विद्यार्थियों के परिश्रम के प्रति श्रद्धावनत हुआ मैं डॉ0 अभिनव शुक्ल आपकी उपस्थिति से लाभान्वित होकर समस्त विद्यालय को इस समारोह को सफल बनाने के लिए पुनः हृदय से आभार प्रकट करता हॅू और कामना करता हॅू कि भविष्य में भी इसी प्रकार अनेकानेक उत्सवों से विद्यालय शोभायमान होता रहेगा।

डॉ० अभिनव शुक्ल